भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1557

जिसका उत्तर 31 जुलाई, 2024 को दिया जाना है

तापीय विद्युत केन्द्रों को कोयले की आपूर्ति

1557. श्री अजय कुमार मंडल:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार को बिहार सरकार से इसके तापीय विद्युत गृहों को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) गत वर्ष के दौरान बिहार को आवंटित कोयला ब्लॉकों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख) : बिहार राज्य सरकार से ऐसा कोई भी अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, कोल इंडिया लि (सीआईएल) ने बिहार राज्य में स्थित संयंत्रों सहित विद्युत संयंत्रों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कोयले की आपूर्ति की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विद्युत संयंत्रों में वर्ष भर कोयले की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। सीआईएल स्रोतों से वर्ष 2022-23, वर्ष 2023-24 और वर्ष 2024-25 (जून तक) (अनंतिम) हेतु एफएसए प्रतिबद्धता के लिए बिहार स्थित विद्युत संयंत्रों को की गई आपूर्ति निम्नानुसार है।

(मिलियन टन में)

संयंत्र का नाम	वर्ष 2022-23		वर्ष 2023-24		वर्ष 2024-25 (जून तक)	
	एसीक्यू	प्रेषण	एसीक्यू	प्रेषण	एसीक्यू	प्रेषण
बरौनी	0.89	0.41	0.89	0.10	0.22	0.03
बाढ़	3.33	7.23	4.87	5.45	1.54	1.79

कहलगांव	11.31	10.03	11.31	12.82	2.83	3.43
कांति- मुजफ्फरपुर	1.60	1.08	1.60	0.34	0.40	0.04
नबीनगर एसटीपीपी	7.52	5.99	7.78	7.21	1.95	2.54
नबीनगर टीपीपी	5.00	5.11	5.00	4.79	1.25	1.42
कुल	**29.65**	**29.85**	**31.45**	**30.71**	**8.19**	**9.25**

(ग) : पिछले वर्ष के दौरान, बिहार को कोई भी कोयला ब्लॉक आबंटित नहीं किया गया है।

****